# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 31 मई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 243


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रवर्तन निदेशालय ने अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्ता को भेजा समन

**बंगाल राशन वितरण घोटाला**

**कोलकाता (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को लोकप्रिय बंगाली फिल्म अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्ता को समन जारी कर पश्चिम बंगाल के करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले में पूछताछ के लिए बुलाया है। सूत्रों ने बताया कि अभिनेत्री को 5 जून को कोलकाता के उत्तर बाहरी इलाके में सॉल्ट लेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में एजेंसी के कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। हालांकि, अधिकारी राशन वितरण घोटाले से अभिनेत्री के संबंध के बारे में पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए हैं। खबर लिखे जाने तक सेनगुप्ता ने इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। यह पहली बार नहीं है जब सेनगुप्ता को ईडी अधिकारियों ने समन जारी किया है। इससे पहले 2019 में पश्चिम बंगाल के करोड़ों रुपये के रोज वैली चिट फंड घोटाले में भी केंद्रीय एजेंसी ने उन्हें तलब किया था। उस समय उन्हें रोज वैली ग्रुप के कुछ एंटरटेनमेंट वेंचर में शामिल होने के कारण समन किया गया था। उन्होंने उस समूह की कुछ फिल्मों में भी काम किया था। एजेंसी को पता चला था कि इन फिल्मों के निर्माण में मनी लॉन्ड्रिंग के पैसे का इस्तेमाल किया गया था जो रोज वैली समूह ने बहु-स्तरीय मार्केटिंग योजनाओं से कमाये थे। उसी साल ईडी ने उसी मामले में बंगाली फिल्मों के सर्वाधिक लोकप्रिय अभिनेता प्रसेनजीत चटर्जी को भी समन किया था।

### दिल्ली की अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार आप नेता तथा दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ा दी। हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा था कि याचिकाकर्ता भ्रष्टाचार के मामले में जमानत के लिए जरूरी तीन कसौटियों पर खरा उतरने और धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत जरूरी दोहरी शर्त को पूरा करने में विफल रहे हैं। हालांकि उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि सिसोदिया ट्रायल कोर्ट द्वारा तय शर्तों पर अपनी बीमार पत्नी से हर सप्ताह मिल सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस साल मार्च में वरिष्ठ आप नेता की उपचारात्मक याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें उन्होंने 2023 में शीर्ष अदालत द्वारा जमानत को लेकर उनकी पुनर्विचार याचिका खारिज करने को चुनौती दी थी। उच्चतम न्यायालय ने 30 अक्टूबर 2023 को अपने आदेश में सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया था, लेकिन कहा था कि यदि अगले तीन महीने में मामले की सुनवाई धीमी रहती है तो वह नये सिरे से जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष जज कावेरी बवेजा ने इस साल 30 अप्रैल को सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया था। ट्रायल कोर्ट ने अपने फैसले में इस बात पर भी गौर किया था कि सुनवाई में देरी सिसोदिया के कारण हो रही है।

### जूता फैक्ट्री में लगी भीषण आग, लाखों का माल जलकर हुआ राख

**गाजियाबाद (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया में एक जूते की फैक्ट्री में बुधवार देर रात भीषण आग लग गई। दमकल की छह गाडिय़ों ने सात-आठ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फायर विभाग से मिली सूचना के मुताबिक, साहिबाबाद साइट-4 इंडस्ट्रियल एरिया में कल रात करीब 11.30 बजे एक जूते की फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। विभाग में अपनी चार गाडिय़ों को मौके पर रवाना कर दिया। दमकल कर्मचारियों ने देखा कि आग बेसमेंट में लगी हुई थी। जहां काफी माल रखा हुआ था। बेसमेंट में एंट्री और एग्जिट प्वाइंट एक ही था जिस वजह से आग पर काबू पाने में दिक्कत हो रही थी। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को फायर सूट में भेजा गया। उन्होंने सात-आठ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। हादसे में जनहानि की कोई सूचना नहीं है, लेकिन इस आग के कारण लाखों रुपये का माल जलकर खाक हो गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पॉल ने बताया है कि जूते की फैक्ट्री में लगी भीषण आग पर काबू पा लिया गया है और अब इसे पूरी तरह ठंडा किया जा रहा है।

# जम्मू-कश्मीर के अखनूर में तीर्थयात्रियों से भरी बस 150 फीट गहरी खाई में गिरी, 21 की मौत

**जम्मू । आरएनएस**



जम्मू-पूंछ राष्ट्रीय राजमार्ग (144ए) पर अखनूर के टूंगी मोड़ क्षेत्र में बड़ा सडक़ हादसा हो गया। यहां एक यात्रियों से भरी बस गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में अब तक 21 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब 40 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। इनमें 20 को जीएमसी जम्मू रेफर किया गया है।

पुलिस व स्थानीय लोगों द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है। खाई से निकाल कर घायलों को अखनूर उपजिला अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जम्मू मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उत्तरप्रदेश नंबर की यह बस जम्मू से शिवखोड़ी धाम जा रही था। शिवखोड़ी धाम रियासी जिले के पौनी में स्थित है, जो कि कटड़ा सिथ्त माता वैष्णो देवी मंदिर से मात्र 80 किलोमीटर की दूरी पर है। यह भगवान भोलेनाथ को समर्पित है।

जानकारी के अनुसार, बस का नंबर है- यूपी 86ईसी 4078 बताया गया है। यह बस अखनूर के टूंगी मोड़ में गहरी खाई में जा गिरी। इस तीखे मोड़ पर सामने से आ रही एक बस के आने से हादसे वाली बस का चालक का संतुलन बिगड़ा गया और यह हादसा हो गया। बस के गिरते ही चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी सूचित किया गया। तुरंत में राहत और बचाव अभियान चलाया गया।

बस के शीशे तोड़ कर लोगों को बाहर निकाला गया। फिर रस्सी और कुछ को पीठ पर लाद कर सडक़ तक पहुंचाया गया। इसके बाद घायलों को वाहनों में सवार कर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान सडक़ों पर एंबुलेंस की आवाज गूंजती रही।

अस्पताल में हादसे की खबर के साथ ही स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया। घायलों के पहुंचने के साथ ही यहां उपचार शुरू कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसी जम्मू रेफर किया गया। जीएमसी जम्मू में डॉक्टरों की अलर्ट टीम ने मोर्चा संभालते हुए पहुंचे हुए घायलों का तुरंत इलाज शुरू कर दिया है।

बस में लगभग 75 से अधिक यात्री सवार थे। मौके पर एसडीएम अखनूर लेख राज, एसडीपीओ अखनूर मोहन शर्मा, थानाप्रभारी अखनूर तारिक अहमद मोके पर बचाव कार्य मे जुटे हुए हैं। एसएसपी जम्मू व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं।

इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। पीएम मोदी ने कहा, अखनूर में बस दुर्घटना में लोगों की मौत से दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द ठीक हो जाएं। बस दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

## अग्निबाण सॉर्टेड को सफलतापूर्वक किया गया लॉन्च

**❑ इसरो ने स्टार्टअप कंपनी अग्निकुल कॉसमॉस को दी बधाई**

**श्रीहरिकोटा । आरएनएस**

अंतरिक्ष स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस ने सफलतापूर्वक 30 मई को अपने पहले रॉकेट की उड़ान का परीक्षण किया। हालांकि ये परीक्षण लॉन्च पहले मंगलवार को निर्धारित थी, लेकिन लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से लॉन्चिंग को 2 बार टाल दिया गया। निजी कंपनियों और अंतरिक्ष विभाग के बीच ब्रिज का काम करने वाले इनस्पेस ने कंपनी की तरफ से यह जानकारी साझा की और बताया कि अग्निकुल के रॉकेट का सफलतापूर्वक गुरुवार को परीक्षण किया गया। इसरो ने सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी दी कि श्री हरिकोटा में निजी कंपनी के निजी लॉन्च पैड़ से उड़ान का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।

इसरो ने अग्निकुल की इस टेस्ट फ्लाइट अग्निबाण सॉर्टेड 01 मिशन की सफलता को स्पेस सेक्टर में मील का पत्थर बताया गया है। बता दें कि इससे पहले रॉकेट का परीक्षण उड़ान मंगलवार को किया जाना था, लेकिन उसे टाल दिया गया। लॉन्चिंग से कुछ देर पहले ही रॉकेट के परीक्षण उड़ान को टाल दिया गया। बता दें कि पिछले तीन महीनों में चौथी बार देश के दूसरे प्राइवेट रॉकेट की लॉन्चिंग को रद्द किया गया है। रॉकेट का प्रक्षेपण मंगलवार सुबह 5.45 बजे के लिए निर्धारित था।

दरअसल मंगलवार की सुबह परीक्षण का टेस्ट किया जाना था। सुबह के वक्त 9.25 बजे इसका परीक्षण करना था, लेकिन उड़ान भरने से केवल 5 सेकेंड पहले ही इस प्रक्षेपण को होल्ड पर रखा दिया गया और फिर प्रक्षेपण को रद्द कर दिया गया। बता दें कि अग्निकुल कॉसमॉस का अग्निबाण रॉकेट दो चरणों वाला रॉकेट है। यह रॉकेट 700 किमी की ऊचाई और 300 किग्रा तक का पेलोड को ले जाने में सक्षम है। बता दें कि इससे पहले साल 2022 में स्काईरूट कंपनी ने भारत के पहले प्राइवेट रॉकेट को इसरो के प्रक्षेपण स्थल से लॉन्च किया था।

## बोकारो में तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**बोकारो । आरएनएस**

झारखंड के बोकारो जिले के पेटरवार में तालाब में डूबकर तीन बच्चों की मौत हो गई। ये बच्चे बुधवार को डूबे थे, जिनके शव गुरुवार को बाहर निकाले गए।

बताया गया कि पेटरवार के सदमा कला गांव के तीन बच्चे बुधवार को अपने घरों से खेलने निकले थे, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटे तो उनकी तलाश शुरू हुई। सारी रात लोग आस-पास के इलाकों में उनकी खोज करते रहें, लेकिन कुछ अता-पता नहीं चला। पुलिस को भी सूचना दी गई।

गुरुवार की सुबह पेटरवार ब्लॉक मुख्यालय स्थित बिशेश्वर धाम मंदिर परिसर में बने अमृत सरोवर में स्थानीय लोगों ने एक बच्चे का शव तैरता हुआ देखा। यह खबर इलाके में फैली तो लापता बच्चों के परिजन मौके पर पहुंचे। शव लापता बच्चों में से एक का था।

इसके बाद दो अन्य बच्चों के शव भी तालाब से बाहर निकाले गए। मृत बच्चों की उम्र 8, 9 एवं 11 वर्ष बताई गई है।

अनुमान है कि बच्चे तालाब में स्नान करने गए होंगे और इसी दौरान यह हादसा हो गया। बच्चों के शव बरामद होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पेटरवार थाना इंचार्ज के.के. कुशवाहा ने बताया कि तीनों बच्चों के शव पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अनुमंडलीय हॉस्पिटल भेजे गए हैं।

बता दें कि इस घटना को मिलाकर पिछले एक हफ्ते के दौरान झारखंड के अलग-अलग इलाकों में जलाशयों में डूबने से नौ लोगों की मौत हुई है। इनमें ज्यादातर बच्चे और युवा हैं।

बुधवार को लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र में कच्चा बांध में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों रितेश भगत (9 वर्ष) और अनूपा कुमारी (8 वर्ष) की मौत हुई थी। मंगलवार को रांची के तुपुदाना इलाके में ब्लू पोंड में डूबने से संत चार्ल्स स्कूल के छात्र 15 वर्षीय अनुग्रह किंडो की मौत उस वक्त हुई जब वह अपने दो दोस्तों के साथ नहाने पहुंचा था।

## उत्तर प्रदेश में गर्मी का कहर, लू की चपेट में आने से अब तक 51 लोगों की मौत

**❑ सूबे में 49 के पास पहुंचा पारा**

**लखनऊ । आरएनएस**



उत्तर भारत के अधिकांश हिस्से में इनदिनों प्रचंड गर्मी पड़ रही है. गर्मी की आलम ये है कि अब इससे मौत होने की खबरें भी सामने आने लगी हैं. उत्तर प्रदेश में भी गर्मी तांडव मचा रही है.

रिपोर्ट के मुताबिक, बुंदेलखंड में लू की चपेट में आने से बुधवार को 31 लोगों की मौत हो गई. सबसे ज्यादा लोगों की जान महोबा में हुई. जहां आठ लोग लू लगने से काल के गाल में समा गए. इसके बाद हमीरपुर में सात तो चित्रकूट में 6 लोगों की मौत लू की चपेट में आने से हुई है.

वहीं फतेहपुर में पांच, बांदा में तीन और जालौन में लोगों की मौत लू लगने से हुई है. बताया जा रहा है कि इनमें से ज्यादातर लोग किसी काम के चलते घर से बाहर निकले थे और रास्ते में अचेत होकर गिर गए. अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया.

वहीं बहराइच में लू लगने से नानपारा और कैसरगंज इलाके में दो लोगों की मौत की खबर है. वहीं प्रयागराज में लू की चपेट में आने से एक दरोगा समेत चार लोगों की मौत हुई है. वहीं दिल्ली से सटे ग्रेटर नोएडा में मेरठ के रहने वाले एक बुजुर्ग की लू लगने से मौत हो गई. इसके अलावा बलिया में एक महिला की जान गई है तो वहीं वाराणसी में छह, मिर्जापुर में तीन, आजमगढ़, जौनपुर और सोनभद्र में एक-एक की मौत लू की चपेट में आने से हुई है. ऐसी आशंका जताई जा रही है कि इन सभी लोगों की मौत लू लगने से हुई है. हालांकि, मौत की पुष्टि के लिए सभी शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है. जिसेस मरने की सही वजह सामने आ सके.

बुधवार को उत्तर प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में लू चली. वहीं जिन इलाकों में लू नहीं रही. वहीं गर्मी हवाओं ने लोगों को लू का एहसास कराया. कल यानी बुधवार को प्रयागराज में अधिकतम तापमान 48.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया. जबकि कानपुर में पारा 48.4 डिग्री दर्ज किया गया. आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, बुधवार को भीषण गर्मी के बीच अधिकतम तापमान सामान्य से 7 डिग्री अधिक रहा. जबकि रात में तापमान सामान्य से 6 डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया.

मौसम विभाग के मुताबिक, यूपी के तीन शहरों कानपुर, सुल्तानपुर और फुरसतगंज में मई के महीने में इतनी गर्मी कभी नहीं पड़ी. फुरसतगंज में पारा कभी 47 डिग्री नहीं पहुंचा. जो इस बार 47.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया. जबकि बुधवार को कानपुर में तापमान 48.4 और सुल्तानपुर में पारा 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

## सोना तस्करी में शशि थरूर के पीए की गिरफ्तारी पर गरमाई सियासत

**नई दिल्ली । आरएनएस**

कांग्रेस नेता और तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट से सांसद शशि थरूर के निजी सहायक (पीए) शिव कुमार का नाम विदेश से सोना तस्करी में आने के बाद इस मामले पर सियासत गरमा गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने इस मामले में इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा है। दूसरी तरफ, कांग्रेस सांसद ने उसे अपना पूर्व कर्मचारी बताते हुए कहा है कि वह किसी गलत काम को प्रश्रय नहीं देते हैं और जांच में पूरा सहयोग करेंगे।

शिव कुमार को कस्टम अधिकारियों ने बुधवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोने की तस्करी में कथित संलिप्तता के कारण हिरासत में लिया था। उन्होंने हवाई अड्डे के अराइवल हॉल में बैंकॉक से आये एक यात्री से 500 ग्राम की सोने की चेन ली थी। इस सोने का मूल्य 35 लाख रुपए से ज्यादा बताया जा रहा है।

मंत्री चंद्रशेखर ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में कहा, इससे पहले सोना तस्करी के मामले में केरल के मुख्यमंत्री के कार्यालय में कार्यरत एक महिला कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया था और अब कांग्रेस सांसद के पीए को हिरासत में लिया गया है। ध्यान देने वाली बात है कि कांग्रेस और माकपा दोनों ही इंडिया गठबंधन के सदस्य हैं, जो कि सोना तस्करी में संलिप्त पाए गए हैं।

इससे पहले केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के कार्यालय के आईटी विभाग में कार्यरत स्वपन्ना सुरेश को गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल, वह जमानत पर जेल से बाहर हैं, लेकिन मामला अभी-भी न्यायालय में विचाराधीन है, जिसका जिक्र कर राजीव चंद्रशेखर ने अपने में किया है।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी इस संबंध में एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने कहा, मैं चुनाव प्रचार के लिए धर्मशाला में हूं। मैं मेरी स्टाफ टीम के पूर्व सदस्य से जुड़ी घटना के बारे में सुनकर स्तब्ध हूं, जो एयरपोर्ट पर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए सहायक के रूप में मेरे लिए पार्ट टाइम सेवाएं दे रहे हैं। वह 72 साल के सेवानिवृत्त व्यक्ति हैं जिनकी नियमित डायलिसिस होती है। उन्हें अनुकंपा के आधार पर पार्ट-टाइम रखा गया था। मैं किसी कथित गलत काम के लिए माफी नहीं दे रहा और अधिकारियों द्वारा मामले की जांच के सिलसिले में किसी भी जरूरी कार्रवाई के लिए उनके प्रयासों में पूरा समर्थन देता हूं। कानून को अपना काम करना चाहिए।

कस्टम विभाग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि बैंकॉक से उड़ान संख्या टीजी 323 से 29 मई को आये एक भारतीय नागरिक पर शक के आधार पर सोने की तस्करी का मामला दर्ज किया गया। आगे जांच में पता चला कि तस्करी में एक और व्यक्ति का हाथ है जो हवाई अड्डे पर उस यात्री से सोना लेने के लिए आया था। उस व्यक्ति के पास से 500 ग्राम की सोने की चेन बरामद की गई जो उसे बैंकॉक से आये यात्री ने अराइवल हॉल में दिया था।

बयान में कहा गया है, जांच में पता चला कि उस व्यक्ति (सोना लेने वाले) के पास हवाई अड्डे में प्रवेश के लिए वैध एयरोड्रम एंट्री परमिट थी। इस बात की जांच की जा रही है कि उसे एक संसद सदस्य की प्रोटोकॉल टीम के सदस्य के रूप में एयरोड्रम एंट्री परमिट किन परिस्थितियों में जारी किया गया था।

कस्टम विभाग ने बताया कि जब्त सोने की कीमत 35.22 लाख रुपये है। मामले में आगे जांच की जा रही है।

## नोएडा के सेक्टर 100 की ब्लूबर्ड सोसायटी में फटा एसी, आग की चपेट में कई घर

**नोएडा । आरएनएस**

प्रचंड गर्मी के बीच देशभर के कई इलाकों में इन दिनों आग लगने की घटनाओं ने हर किसी की चिंता बढ़ा दी है. इस बीच उत्तर प्रदेश की नोएडा सिटी से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है. दरअसल एनसीआर का हिस्सा रहे नोएडा की सेक्टर 100 स्थित हाईराइज सोसायटी में बड़ा हादसा हो गया. यहां गुरुवार सुबह अचानक एक फ्लैट के बाहर लगा एयर कंडीशनर फट गया. यह ब्लास्ट इतना जोरदार था कि इसकी आवाज से ही पूरी सोसायटी हिल गई. इस धमाके के बाद फ्लैट में आग लग गई और इस आग की चपेट में कई फ्लैट आ गए.

मिली जानकारी के मुताबिक एसी फटने की ये घटना सेक्टर 100 में स्थित लोटस बुलेवार्ड सोसायटी में हुई है. यहां पर एक फ्लैट में अचानक एसी में जोरदार धमाका हुआ और इसके बाद फ्लैट में आग लग गई. इस आग ने अपने ऊपर और आस-पास के फ्लैटों को भी चपेट में ले लिया. आग लगने की वजह से सोसायटी में अफरा तफरी मच गई.

लोग फ्लैट छोडक़र भागने लगे. कई और फ्लैट भी आग की चपेट में आने की संभावना जताई जा रही है. हालांकि लोगोंने इस आग लगने की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी और दमकल की गाडिय़ां भी मौके पर पहुंच गई हैं. फिलहाल आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है.

एक दिन पहले यानी बुधवार को नोएडा से सटे गाजियाबाद स्थिति इंद्रापुरम में भी एक घर में ऐसी ही आग लगने की घटना सामने आई थी.

## मेघालय के चेरापूंजी में धुआंधार बरसात, 24 घंटों में 634 मिलीमीटर हुई बारिश

**चेरापूंजी । आरएनएस**



मेघालय के चेरापूंजी में बारिश का कहर जारी है. पिछले 24 घंटों (सुबह 8:30 बजे तक) में 634 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है. पिछले 72 घंटों में कुल बारिश का आंकड़ा 1202 मिलीमीटर पहुँच गया है!

यह बारिश का यह आंकड़ा वाकई चौंकाने वाला है. चेरापूंजी दुनिया का सबसे अधिक वर्षा वाला क्षेत्र है, लेकिन इतनी ज़्यादा बारिश देखने को मिलना असाधारण है. ऐसी तीव्र बारिश के चलते चेरापूंजी और आसपास के इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. सडक़ें बंद हो गई हैं, घरों में पानी भर गया है, और बिजली गुल है.

प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित रहने की सलाह दी है और ज़रूरत पडऩे पर घरों से बाहर निकलने से बचने को कहा है. यह बारिश लोगों के जीवन को बेहद प्रभावित कर रही है. प्रशासन ने आपदा राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिए हैं.

## पुणे पोर्शे हादसा: मां के ब्लड सैंपल से बदले गए थे आरोपी के ब्लड सैंपल

**पुणे । आरएनएस**

पुणे के बहुचर्चित पोर्शे कार हादसे में रोज नए खुलासे हो रहे हैं। अब रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि आरोपी नाबालिग की मां शिवानी अग्रवाल ने बेटे के ब्लड सैंपल को खुद के ब्लड सैंपल से बदल दिया था, ताकि खून में नशे की मात्रा न आ सके।पुलिस अब आरोपी की मां की तलाश कर रही है। कथित तौर पर आरोपी की मां पुणे से फरार बताई जा रही है।

इस मामले में अस्पताल के डॉक्टर और पुलिसकर्मियो की संदिग्ध भूमिका के बाद अब विधायक भी संदेह के घेरे में है।

रिपोर्ट के मुताबिक, हादसे वाली रात नाबालिग आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल ने स्थानीय विधायक सुनील टिंगरे को 45 बार फोन किया था। हालांकि, विधायक ने फोन नहीं उठाया था।बता दें कि इस मामले में पहले भी विधायक टिंगरे की भूमिका पर सवाल उठ चुके हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, एक पुलिस सूत्र ने बताया कि अग्रवाल ने विधायक टिंगरे को 19 मई की रात 2:30 से 3:45 बजे के बीच 45 बार फोन किया था। हालांकि, टिंगरे सो रहे थे, इस वजह से कॉल का जवाब नहीं दे सके और ये सभी मिस्ड हो गई।जब टिंगरे ने फोन नहीं उठाया तो अग्रवाल उन्हें लेने रात में ही उनके घर पहुंच गए थे।

घटना वाली रात विधायक सुबह 6 बजे तक येरवडा पुलिस स्टेशन में मौजूद थे। कथित तौर पर उन्होंने पुलिसकर्मियों से मामले में नरम रुख अपनाने को कहा था। हालांकि, विधायक ने इन आरोपों ने इनकार किया है।विवाद बढऩे पर अब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने विधायक को मीडिया के सामने अपना रुख स्पष्ट करने के लिए कहा गया है। बार-बार नाम सामने आने के बाद पार्टी ने कथित तौर पर विधायक से स्पष्टीकरण मांगा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अस्पताल के फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉक्टर अजय तावड़े को विधायक की सिफारिश के बाद ही नियुक्त किया गया था।ससून अस्पताल के डीन विनायक काले ने कहा कि डॉक्टर तावड़े को किडनी ट्रांसप्लांट और ललित पाटिल ड्रग्स मामले में आरोपी होने के बावजूद विधायक की सिफारिश पर अधीक्षक नियुक्त किया गया।इस संबंध में टिंगरे ने चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ को पत्र भी लिखा था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस साक्ष्य मूल्यांकन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित तकनीक का उपयोग कर दुर्घटना स्थल का डिजिटल सीन रिक्रिएट करेगी।अधिकारी ने कहा कि अब तक इस तकनीक का इस्तेमाल हत्या के मामलों में शव की पहचान करने के लिए किया जाता है, लेकिन सीन रिक्रिएट करने में पहली बार किया जाएगा।पुलिस नाबालिग के घर से लेकर बार और घटनास्थल तक का सीन रिक्रिएट करेगी। 19 मई को पुणे में रात ढाई बजे पोर्श कार चला रहे एक नाबालिग ने बाइक पर जा रहे एक महिला और पुरुष को टक्कर मार दी थी। बाइक सवार दोनों लोग मध्य प्रदेश के थे और पुणे में नौकरी करते थे।हादसे के 15 घंटे के भीतर किशोर न्याय बोर्ड ने नाबालिग को निबंध लिखने जैसी मामूली शर्त पर जमानत दे दी थी। विवाद बढऩे पर सरकार ने नए सिरे से मामले की जांच कराई थी।